झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

Website : http://jceceb.jharkhand.gov.in
e-mail id: jceceboard@gmail.com
Phone no.: 9264473891

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰/25/21 – 51 ,राँची/दिनांकः 16/11/2021

पोलिटेकनिक संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष–2021–22 में डिप्लोमा (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम अंतर्गत विभिन्न शाखाओं में नामांकन हेतु प्रथम ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित अति महत्वपूर्ण सूचना

निदेशक (तकनीकी शिक्षा), उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक DTEsec1/JCECEB-Counselling-3/2020/HTESD -313 दिनांक 30.03.2021 के आलोक में राज्य के पोलिटेकनिक संस्थानों के शैक्षणिक वर्ष–2021–22 में डिप्लोमा (पार्श्विक प्रवेश) पाठ्यक्रम अंतर्गत, विभिन्न शाखाओं के तृतीय सेमेस्टर/द्वितीय वर्ष में नामांकन के निमित्त पर्षद द्वारा दिनांक 22.09.2021 को ऑनलाईन आयोजित डिप्लोमा प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (पार्श्विक प्रवेश) –2021 का परीक्षाफल दिनांक 08.10.2021 को जारी किया जा चुका है।

2. परीक्षाफल में शामिल धनात्मक अंक धारित अभ्यर्थियों को मेधा–सह–ईच्छा के आधार पर ऑनलाईन साक्षात्कार के माध्यम से सीटों का आवंटन किया जायेगा। नामांकन के समय अभ्यर्थियों को सीट आवंटन के अनुरूप वांछित प्रमाण–पत्र/पत्रों की मूल–प्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा वे नामांकन से वंचित हो जायेगें। वांछित प्रमाण–पत्रों के प्रारूप सूचना विवरणिका/पर्षद के वेबसाईट के "Download" कॉलम में उपलब्ध है।

3. सीट आवंटन हेतु अभ्यर्थियों द्वारा पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध "Online Counselling for Admission in Diploma (Lateral Entry)-2021" Link में Click कर दिये गये दिशा–निर्देशों का अनुसरण करते हुए विकल्पों को भरा जाना है।

4. अभ्यर्थियों द्वारा संस्थान/संस्थानों तथा शाखा/शाखाओं का प्राथमिकता के अनुसार विकल्पों को भरा जाना है। विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें।

5. साक्षात्कार शुल्कः– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क, Payment Gatway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non – refundable) होगा :–

Sl. No.	Category	Counselling Fee
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	SC/ST/Female Candidate of all Categories	Rs. 250.00

6. सीट आवंटन हेतु आंशिक नामांकन शुल्क की राशि :– अभ्यर्थियों को औपबंधिक सीट आवंटन पत्र अधःभारित (Download) करने हेतु आंशिक नामांकन शुल्क रू0 1,000/– की राशि उपरोक्त कंडिका–5 में वर्णित विधि के ही अनुसार जमा करना अनिवार्य होगा। यदि अभ्यर्थी आवंटित संस्थान में नामांकन कराते हैं एवं अध्ययन जारी रखते हैं तो पर्षद द्वारा ली गयी आंशिक नामांकन शुल्क की राशि संबंधित संस्थान को उनके शिक्षण शुल्क में समायोजन हेतु उपलब्ध करा दी जायेगी अन्यथा यह राशि जब्त (Seize) कर ली जायेगी।

7. प्रथम ऑनलाईन साक्षात्कार तथा नामांकन से संबंधित प्रमुख तिथियाँ निम्नवत् है :–

Time-Schedule for 1st Round Online Counselling for Admission under Lateral Entry in Diploma Course

Sl. No.	Activity	Date
1.	Starting Date of Online Registration and Choice Filling for Seat Allotment	18/11/2021
2.	Last date of Online Registration & Choice Filling for Seat Allotment	25/11/2021
3.	Issue of Provisional Seat Allotment Letter	29/11/2021 to 04/12/2021
4.	Document Verification and Admission in the Concerned Institute	29/11/2021 to 04/12/2021

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

16/11/2021

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक